# आतिशबाजी से एमपी के उज्जवल भविष्य का संदेश

## मप्र का 70 वां स्थापना दिवस... 530 से अधिक कलाकारों ने दी भव्य प्रस्तुति







नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 नवम्बर. मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' की शुरुआत ने शनिवार रात राजधानी को उत्सव, संस्कृति और तकनीकी सौंदर्य से ऐसा सराबोर किया कि हर दर्शक के दिल में यह ऐतिहासिक पल सदा के लिए बस गया. विरासत से विकास की इस यात्रा को जब कला, संगीत, तकनीक और अध्यात्म के साथ सजाया गया, तो पूरा लाल परेड मैदान तालियों और जयघोषों से गूंज उठा.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन एवं दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर महापौर मालती राय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद आलोक शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. कार्यक्रम में हेरिटेज ऑफ उदयपुर पुस्तक का विमोचन भी किया गया.

**आसमान में चमकी विकास की तस्वीर :** ड्रोन शो शुरू होते ही आकाश में जगमगाती आकृतियां बनती चली गईं और दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया. सबसे पहले भारत की छवि, फिर मध्यप्रदेश का नक्शा, उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीरें आसमान में सजीं. उज्जैन के महाकाल ज्योतिर्लिंग से लेकर सिंहस्थ की भव्य झलक, स्मार्ट सिटीज, मेट्रो परियोजना, एयरपोर्ट और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक हर प्रस्तुति ने 'नए और उभरते मध्यप्रदेश' की कहानी को जीवंत कर दिया.अंत में 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' के नारे के साथ भविष्य के विकसित मध्यप्रदेश की झलक भी प्रस्तुत की गई. ड्रोन प्रस्तुति के बाद प्रदेश की शाम में चारचांद लगाने के लिए जमकर आतिशबाजी हुई. जिसके शुरू होते ही हर किसी को निगाहें बस आसमान में ही टिकी रही और इस अनोखे पलों को अपने कैमरे में कैद करने के साथ इसकी यादों को दिलों में भी संजो लिया.

**कृष्ण लीला की भक्ति में डूबा पूरा मैदान:** ड्रोन शो के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने दर्शकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंगों में रंग दिया. 530 से अधिक कलाकारों द्वारा संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को वृंदावन की गलियों में पहुंचा दिया. नटवर रंग में कृष्ण का कालिया मर्दन, राधे-श्याम की झांकी, ब्रज वंदना, होली उत्सव और आरती कुंज बिहारी की की गूंज ने माहौल को भक्ति और उल्लास से भर दिया. एनिमेशन और नृत्य का ऐसा अद्भुत समन्वय देखने को मिला कि हर आंख मंच पर टिकी रह गई. बच्चे, युवक, बुजुर्ग सभी कृष्ण भगवान की जयऔर भारत माता की जय के नारे लगाते दिखाई दिए. 42 मिनट 50 सेकेंड के इस मंत्रमुग्ध कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि मध्यप्रदेश सिर्फ इतिहास और अध्यात्म की धरती ही नहीं, बल्कि आधुनिकता और तकनीक की नई उड़ान के साथ अपनी पौराणिक पहचान लिए जगत की अद्भुत छवियों का संयोजन है.



सभी फोटो : अशरफ अली

### सीएम ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**भोपाल, 1 नवंबर (प्रशासनिक संवाददाता).** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर मध्यप्रदेश के वैभवशाली अतीत, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उज्जवल भविष्य को चित्रों व छाया चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करती प्रदर्शनी अभ्युदय मध्यप्रदेश का लाल परेड ग्राउंड पर शुभारंभ कर अवलोकन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद मीडिया से चर्चा में उक्त विचार व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लाल परेड ग्राउंड पहुंचने पर पारंपरिक नृत्य करते युवक-युवतियों ने स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकारों से संवाद कर उनका उत्साह उत्साहवर्धन किया. प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अपनी परंपराओं के अनुसार अभिवादन किया. प्रदर्शनियों में विकसित मध्यप्रदेश 2047, मध्यप्रदेश के गौरव, विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य की मुद्राएं और सिक्के, आर्ष भारत, मध्य प्रदेश की बावड़ियां, प्रदेश की पारंपरिक कला, प्रदेश में विरासत से विकास, प्रदेश के मंदिर-देवलोक शामिल हैं.

**जुबिन नौटियाल के गानों पर थिरके युवा:** कार्यक्रम का भव्य समापन मशहूर गायक जुबिन नौटियाल के लाइव कान्सर्ट से हुआ. 9:42 बजे जैसे ही मंच पर उनकी आवाज गूंजी, भारी भीड़ उत्साह में झूम उठी. जुबिन ने फिल्मी गानों से शुरुआत करके दर्शकों को धीरे धीरे 'राम' के गीतों में सराबोर कर दिया. और अपनी आवाज के जादू से पूरे लाल परेड मैदान के ऐतिहासिक पलों और जीवंत बना दिया. ऐसा माहौल बनाया कि हर श्रोता संगीत में डूब गया और फोन की फ्लैशलाइट्स ने मानो तारों की नदी बहा दी.

## एक नजर में



### दादाजीधाम में किया भगवान विष्णु का पूजन

**भोपाल, 1 नवंबर.** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में शनिवार को सुबह 10 :00 बजे से गर्भग्रह परिक्रमा में स्थापित संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर उपस्थित सभी भक्तों ने अभिषेक, विधि विधान से पूजन किया. साथ ही देवउठनी एकादशी के अवसर पर भगवान विष्णु जी की विधि विधान से पूजन, विष्णु भगवान के समक्ष बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना की गई, मंदिर प्रांगण में शाम 6 :30 बजे से तुलसी विवाह में भगवान शालिग्राम और तुलसी माता के ऊपर सिंदूरी रंग में रंगे हुए चावल चढ़ाकर कर पूजा की थाली में कपूर जलाकर तुलसी माता और शालिग्राम भगवान की आरती के पश्चात विवाह संपन्न होने पर जयकारे लगाए और भगवान को भोग लगाकर महाप्रसादी सभी भक्तों को वितरण किया गया. इस शुभ अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों को श्री दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव एवं ट्रस्टी मनोज मोहन नामदेव, राजेंद्र चक्रवर्ती, अखिलेश श्रीवास्तव, मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य आरडी धुर्वे, पंडित राजेन्द्र पलिया ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं.

### संस्कार विद्यालय में मनाया प्रदेश का स्थापना दिवस

**भोपाल, 1 नवंबर.** दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में शनिवार को मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कर्नल नारायण पारवानी, वरिष्ठ समाज सेवी विष्णु बंसल द्वारा मां सरस्वती एवं संतजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया. इस अवसर पर बच्चों, शिक्षक-शिक्षकाओं ने ''ये मेरा मध्य प्रदेश है'' गीत का गान किया. कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, विद्यार्थीगण उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

### दिसंबर में होगा अटल गौरव अलंकरण सम्मान

**भोपाल, 1 नवंबर.** अनंत सेवा न्यास और विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला अटल गौरव अलंकरण सम्मान इस वर्ष भी 28 दिसंबर को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित किया जाएगा. विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनंत सेवा न्यास के संरक्षक, पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश स्तर पर 51 और राष्ट्रीय स्तर पर 51 प्रतिभाओं को उनके कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अटल गौरव अलंकरण सम्मान प्रदान किया जाएगा. इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए 15 नवंबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं. अलंकरण के लिए संगीत, कला, साहित्य, चिकित्सा, विधि, शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा, सामाजिक, धार्मिक और ज्योतिष विधा से जुड़े व्यक्तित्वों की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं. पं. महंत ने बताया कि अब तक यह आयोजन इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खंडवा जैसे प्रमुख शहरों में भव्य रूप से संपन्न हो चुका है. इस बार भी देश-प्रदेश की जानी-मानी हस्तियां आयोजन में शामिल होकर प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगी.

### सेवानिवृत्त दो कर्मियों का सम्मान कर दी विदाई

**भोपाल, 1 नवम्बर.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में शनिवार को संग्रहालय के दो वरिष्ठ कर्मयोगियों जे. विजय मोहन एवं लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन राज देशपांडे के सेवानिवृत्त होने पर समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई. समारोह का शुभारंभ पारंपरिक मंगल ध्वनि के साथ हुआ. जे. विजय मोहन, जिन्होंने वर्ष 1991 में संग्रहालय से जुड़कर लगभग 34 वर्षों तक अपनी निष्ठा और समर्पण से सेवाएँ दीं, सहायक क्यूरेटर के पद से सेवानिवृत्त हुए. वहीं लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन राज देशपांडे, जिन्होंने 31 वर्ष 7 महीने तक सुरक्षा अधिकारी के रूप में संग्रहालय की सुरक्षा का दायित्व निभाया, इस अवसर पर सम्मानित किए गए. उनके परिवारजन भी समारोह में उपस्थित रहे, जबकि उनके पुत्र ने अमेरिका से ऑनलाइन जुड़कर अपने पिता के प्रति गर्व और भावनाएँ साझा कीं.

## राजधानी में घर-घर हुई तुलसी माता की पूजा

**धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी**

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 1 नवंबर. राजधानी भोपाल में शनिवार को देवउठनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में मां तुलसी के लिए सुंदर गन्ने के मंडप सजाए. जगह-जगह गन्नों से बने मंडपों को फूलों, दीपों और रंगोलियों से सजाया गया.**



भक्तों ने विधि-विधान से भगवान विष्णु, माँ लक्ष्मी, तुलसी माता और शालिग्राम की पूजा-अर्चना की. पूजा के बाद घरों में दीपक जलाकर भगवान विष्णु के जागरण का पर्व मनाया गया. पूरे शहर में धार्मिक माहौल देखने को मिला. देवउठनी एकादशी को शुभ कार्यों की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है, इसलिए कई परिवारों ने इस दिन पूजा के बाद विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों की रूपरेखा भी तय की.

### करुणाधाम मन्दिर में तुलसी शालिग्राम विवाह

करुणाधाम आश्रम में तुलसी शालिग्राम विवाह का आयोजन संपन्न हुआ.1 नवम्बर को प्रातः माता पूजन, गणेश पूजन, मंडप, हल्दी और मेंहदी रस्में हुईं. शाम को नेहरू नगर चौक से बारात निकली, जो आश्रम के मुख्य द्वार पर पहुंचकर संपन्न हुई. आश्रम प्रवक्ता शाश्वत शांडिल्य ने बताया कि मुख्य आकर्षण 'मैया के फेरे' रहे, जिसमें मशीन के माध्यम से तुलसी, शालिग्राम के फेरे कराए गए. भक्तों ने पीले, हरे थीम वाले वस्त्र धारण कर धार्मिक उत्सव को यादगार बनाया.

## पांच साल की श्रवि ने कूडो स्पर्धा में जीते रजत पदक

**भोपाल, 1 नवंबर. भोपाल की कक्षा केजी-2 की पांच साल की श्रवि डेहरिया ने इतनी कम उम्र में लगातार तीन बड़ी कूडो प्रतियोगिताओं में रजत पदक जीतकर अपने शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है.**




सूरत (गुजरात) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में 24 से 30 अक्टूबर तक आयोजित अक्षय कुमार 17वीं इंटरनेशनल कूडो टूर्नामेंट 2025-26 में श्रवि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता. इसके साथ ही, उन्होंने 16वीं कूडो नेशनल टूर्नामेंट 2025-26 और 6वीं कूडो फेडरेशन कप 2025-26 में भी शानदार प्रदर्शन किया और दोनों प्रतियोगिताओं में रजत पदक अपने नाम किए.

## शिक्षा का हर वर्ग, परिवार से होता है जुड़ाव

**एनआईटीटीटीआर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला**

**भोपाल, 1 नवंबर. एनआईटीटीटीआर भोपाल और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: पॉलीटेक्निक शिक्षा में नवाचार एवं क्रियान्वयन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है.**



इस अवसर पर डॉ. अतुल कोठारी, सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली ने कहा शिक्षा का हर वर्ग हर परिवार से जुड़ाव होता है. राष्ट्रीयता से भरपूर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 समग्र, सर्वांगीण, ज्ञान, कौशल,चरित्र विकसित करने वाली है, जो विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी. एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रोफेसर चन्द्र चारू त्रिपाठी ने संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीत्ति के अनुरूप विभिन्न राज्यों के लिए तैयार किये गए पाठ्क्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर इसके क्रियान्वयन में योगदान देना है. इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के संदर्भ में पॉलिटेक्निक शिक्षा की भूमिका को सुदृढ़ करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम संरचना, उद्योग-आधारित परियोजनाओं और नवाचार को पाठ्यक्रम में एकीकृत करना तथा सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है. विशिष्ट अतिथि प्रो राजीव त्रिपाठी, कुलगुरु ,आरजीपीवी ने कहा आज स्टूडेंट को क्रिएटिव बनाना शिक्षक का दायित्व है.



## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रोता

**भोपाल, 1 नवंबर.** श्री श्याम मित्र मंडल कोकता कान्हासैया द्वारा हनुमान मंदिर, कोकता एक नंबर ट्रांसपोर्ट नगर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन हुआ. प्रसिद्ध भजन गायिका शिवानी झा (ललितपुर), गुनगुन व गुंजन तिवारी (शाहगंज), दीपक सिंह सिसोदिया (अकोदिया), सुरेंद्र झा (ललितपुर) और आयुष मीणा (कंकाली धाम) ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर खाटू श्याम जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित की.

**आयोजन** | **निदेशक ने वीसी के माध्यम से किया गुणवत्ता माह का शुभारंभ**

## बीएचईएल ने नवाचार, उत्कृष्टता को दिया बढ़ावा

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 1 नवंबर. बीएचईएल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एस. एम. रामनाथन ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुणवत्ता माह (Quality Month) का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने ' BHELMAC ' नामक एक ऑनलाइन ट्रैकिंग ऐप भी लॉन्च किया, जिसका विशेष रूप से भोपाल इकाई में क्रियान्वयन किया जाएगा.**



इस वर्ष की थीम है- 'सहयोग, नवाचार, उत्कृष्टता-मिलकर करें एक गुणवत्तापूर्ण भविष्य का निर्माण. 'अपने संबोधन में रामनाथन ने टीमवर्क, सतत नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व पर बल दिया. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण भविष्य का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और सामूहिक प्रयासों तथा समर्पण के माध्यम से बीएचईएल को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि सक्रिय योजना, प्रभावी समस्या-समाधान और परिणाम-उन्मुख सोच अपनाकर ग्राहकों से किए गए सभी वादों को उत्कृष्टता के साथ पूरा किया जा सकता है. बैठक के दौरान बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय ने गुणवत्ता माह के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की समीक्षा की और ' BHELMAC ' ऐप के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी साझा की. इस अवसर पर मानव संसाधन महाप्रबंधक टी. यू. सिंह सहित सभी महाप्रबंधक, डीआरओ और गुणवत्ता विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे.



## भोलेनाथ से विश्व कप जीतने की कामना

**भोपाल, 1 नवंबर.** सेवा संकल्प युवा संगठन ने मैच से पहले शिव स्तुति की गई. भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच रविवार को अफ्रीका से खेला जायेगा. संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया संगठन के युवाओं ने शीतलदास की बगिया में भगवान भोलेनाथ का 11 किलो दूध से रुद्राभिषेक कर श्री शिव स्तुति की. युवाओं ने महिला खिलाड़ियों पोस्टर के साथ अभिषेक किया.